मेरी चूड़ी अमर कर देना माँ

शेरवाली जय हो तेरी,
लता वाली जय हो तेरी....

मेरी चूड़ी अमर कर देना माँ,
मेरा सिंदूर ना मिटाने देना माँ ।।
मेरी चूड़ी अमर कर देना माँ
मेरा सिंदूर ना मिटने देना माँ।।

लाल रखना मा मेहंदी की लाली,
लाल चूड़ी हाथो में मेरे खनके,
रहु सातो जनम मैं सुहागन,
लाल सिंदूर से माँग मेरी दमके
हो मेरी मेहंदी अमर कर देना माँ,
मेरा सिंदूर ना मिटाने देना माँ,
मेरी चूड़ी अमर कर देना माँ ।।

लाल चुनरी चोला तुझको चढ़ावू,
लाल रंग ही लगे तुझको प्यारा,
मैं तो तेरे ही लाल की हू दुल्हन,
घर खुशियों से भर दो हमारा,
बस इतनी कृपा कर देना माँ,
मेरा सिंदूर ना मिटने देना माँ,
मेरी चूड़ी अमर करदेना माँ ।।

चमकती रहे माथे की बिंदिया,
तेरी किरपा से ओ मैया चमके,
तेरी बेटी बने लालो वाली,
लाल देके आँचल मेरे भरदे,
सदा चरनो में अपने रखना माँ
मेरा सिंदूर ना मिटने देना माँ,
मेरी चूड़ी अमर करदेना माँ.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24492/title/meri-choodi-amar-kar-dena-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |